# जेवर एयरपोर्ट - निवेश और विकास
# का मेगा प्रोजेक्ट

Noida International Airport

- जेवर एयरपोर्ट के पहले चरण में **₹4,657 करोड़** का बड़ा निवेश
- पूरी परियोजना की कुल लागत **₹29,560 करोड़** अनुमानित
- **हवाई अड्डे** के लिए **40 वर्ष** है निर्धारित रियायत अवधि







वर्ष 2001 में पहली बार प्रयास शुरू हुआ, वर्ष 2021 में परियोजना का शिलान्यास किया गया, इस वर्ष छह मार्च को विमान सेवा के लिए लाइसेंस मिला

# नोएडा एयरपोर्ट का 25 वर्ष पुराना सपना आज साकार होगा




■ निशांत कौशिक

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर में 25 वर्ष पहले देखा गया नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का सपना शनिवार को साकार होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुबह करीब 11 बजे इसका उद्घाटन करेंगे।

नोएडा एयरपोर्ट के लिए सबसे पहले वर्ष 2001 में तत्कालीन मुख्यमंत्री और मौजूदा केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने प्रयास शुरू किया। उन्होंने इंटरनेशनल एयरपोर्ट एंड एविएशन हब का प्रस्ताव पारित किया। लंबे समय तक ठंडे बस्ते में प्रस्ताव रहने के बाद वर्ष 2010 में तत्कालीन मुख्यमंत्री और बसपा सुप्रीमो मायावती के प्रयासों से एयरपोर्ट निर्माण के लिए रक्षा मंत्रालय से क्लीरियंस मिला। उस समय दिल्ली एयरपोर्ट से कम दूरी का हवाला देकर मामला फिर लटका दिया गया। इस बीच एयरपोर्ट को आगरा स्थानांतरित करने के प्रयास हुए। केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद वर्ष 2014 से पुनः प्रयास तेज हुए। वर्ष 2015 में अखिलेश यादव ने जेवर एयरपोर्ट शुरू करने की इच्छा जताई और यमुना एक्सप्रेसवे अथॉरिटी को 5000 करोड़ रुपये जारी किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 नवंबर 2021 को जेवर में इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाने के लिए शिलान्यास किया। अब यह बनकर तैयार है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने छह मार्च 2026 को एयरपोर्ट के लिए एयरोड्रम लाइसेंस जारी किया।




नोएडा एयरपोर्ट का टर्मिनल बिल्डिंग बनकर तैयार हो चुका है। प्रधानमंत्री शनिवार को एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे। • हिन्दुस्तान

**सुरक्षा कड़ी :** उद्घाटन कार्यक्रम और जनसभा में सुरक्षा के लिए सात हजार से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। कार्यक्रम स्थल के आसपास ड्रोन उड़ाने पर रोक रहेगी।

**एमआरओ हब की भी नींव रखेंगे:** प्रधानमंत्री एयरपोर्ट परिसर में एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहॉल) हब की भी नींव रखेंगे। नोएडा एयरपोर्ट परिसर में विमानों के रखरखाव के लिए बनने वाला यह पहला एमआरओ हब होगा। फिलहाल देश के विमानों में बड़ी तकनीकी और अन्य दिक्कतें आने पर मरम्मत के लिए विदेश पर निर्भर रहना पड़ता है।

**दिल्ली से सस्ती विमान सेवा संभव:** नोएडा एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाले विमानों में यात्री किराया दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट के मुकाबले कम हो सकता है। दिल्ली एयरपोर्ट की अपेक्षा यहां से उड़ान भरने वाले विमानों को ईंधन सस्ती दर पर उपलब्ध होगा। निर्माण से पहले हुए समझौते में यूपी सरकार ने ईंधन पर एक फीसदी वैट लगाने का निर्णय लिया, जबकि दिल्ली एयरपोर्ट पर विमानों को ईंधन पर 25 फीसदी वैट देना पड़ता है।

## प्रधानमंत्री की जनसभा के लिए तीन पंडाल बने

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्घाटन कार्यक्रम के लिए तीन पंडाल बनाए गए हैं। उनकी जनसभा मे दो लाख लोगों के पहुंचने की संभावना है। नोएडा एयरपोर्ट का पहला चरण 1334 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित किया गया है। प्रधानमंत्री टर्मिनल भवन का निरीक्षण कर जनसभा को संबोधित करेंगे। समारोह मे यूपी की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

## एक्सप्रेसवे पर मालवाहक वाहनों पर रात तक रोक

प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के चलते शनिवार को ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे, यमुना एक्सप्रेसवे और कार्यक्रम स्थल के आसपास के रास्तों पर सुबह सात से रात 11 बजे तक मालवाहक वाहनों का आवागमन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। जेवर-टप्पल मार्ग पर गोपालगढ़ की ओर से जेवर की तरफ जाने वाले व्यावसायिक वाहनों को वापस टप्पल की ओर डायवर्ट किया जाएगा। वाहन टप्पल-पलवल होकर गंतव्य तक जा सकेंगे।

## शुरुआत में लखनऊ, जयपुर समेत दस शहरों के लिए उड़ानों की उम्मीद

नोएडा एयरपोर्ट से नियमित उड़ानों का संचालन अप्रैल के अंत तक शुरू होने की संभावना है। शुरुआत में लखनऊ, जयपुर समेत दस शहरों के लिए विमान सेवा शुरू होने की उम्मीद है।

### घरेलू-कार्गो सेवा से आगाज होगा

यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने विमान सेवा के लिए इंडिगो, अकासा और एयर इंडिया के साथ साझेदारी की है। 20 अप्रैल के बाद उड़ानें शुरू करने की तैयारी है।




**04**

एक्सप्रेसवे यमुना, गंगा, दिल्ली-मुंबई, ईस्टर्न पेरिफेरल से सीधे जुड़ेगा

### ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज

मेक माई ट्रिप वेबसाइट और ऐप पर एयरपोर्ट की एंट्री नोएडा डीएक्सएन के नाम से दिखने लगी है। हालांकि, अभी टिकट बुकिंग शुरू नहीं हुई। इस प्रक्रिया में 45 दिन लगते हैं। इसके बाद उड़ानें शुरू हो सकेंगी।

# भारत का नंबर 1
## नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट

Noida
International Airport

- जेवर एयरपोर्ट **7 करोड़** यात्रियों की वार्षिक क्षमता के साथ तैयार
- भारत का सबसे बड़ा **ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट**
- करीब **10 लाख** टन कार्गो हैंडलिंग की सुविधा
- **कृषि**, **MSME** और **लॉजिस्टिक्स सेक्टर** को मिलेगा बड़ा बूस्ट



Noida
International Airport

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से खुलेंगे रोजगार के द्वार

- लोकार्पण के बाद लगभग **6900 युवाओं** को मिलेगा रोजगार
- **सुरक्षा, ग्राउंड स्टाफ, मेंटेनेंस व जिस्टिक्स** में होगी भर्ती
- **एयरपोर्ट संचालन** से जुड़े सेक्टरों में बड़े पैमाने पर नौकरियों के अवसर
- **स्थानीय युवाओं** और **किसानों** के परिवारों को भी रोजगार में प्राथमिकता



Noida
International Airport


# जेवर एयरपोर्ट से किसानों को मिलेगा

# अंतरराष्ट्रीय बाजार



- जेवर एयरपोर्ट से **"फार्म-टू-ग्लोबल मार्केट"** मॉडल होगा मजबूत
- फल, सब्जी, डेयरी व फूल सीधे अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचेंगे
- किसानों की आय में **20–30%** तक वृद्धि की संभावना
- **लॉजिस्टिक्स लागत** घटेगी, निर्यात और कनेक्टिविटी बढ़ेगी




A new runway, but a
MUCH BIGGER TAKEOFF for
the region.
Noida International Airport
is not just about flights.
It is about trade, logistics,
jobs and a stronger NCR
economy.
When infrastructure grows with vision,
opportunity follows.
Another milestone in India's infrastructure
decade. ✈️ 🇮🇳


Noida
International Airport
नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट
का भव्य शुभारंभ
28 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे जेवर एयरपोर्ट का लोकार्पण
प्रदेश को मिलेगा विश्वस्तरीय अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का तोहफा
क्षेत्र में रोजगार और निवेश को मिलेगा बढ़ावा
नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनेगा वैश्विक कनेक्टिविटी का नया केंद्र



नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से
यूपी की अर्थव्यवस्था
को नई उड़ान
Noida
International Airport
दिल्ली-एनसीआर, आगरा, मथुरा, वृंदावन और वाराणसी से मजबूत कनेक्टिविटी
धार्मिक, मेडिकल और बिजनेस टूरिज्म को मिलेगा बड़ा बढ़ावा
अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की आवाजाही में होगी तेज वृद्धि
पूर्ण संचालन पर यूपी की GDP में 1%+ वृद्धि की संभावना

# अर्थव्यवस्था का गेम चेंजर बनेगा
# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट

Noida
International Airport

- **28 मार्च** को पीएम नरेंद्र मोदी करेंगे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का शुभारंभ
- यूपी को **1 ट्रिलियन डॉलर** अर्थव्यवस्था बनाने में बनेगा स्ट्रैटेजिक इंजन
- **कृषि, MSME, लॉजिस्टिक्स, पर्यटन** व **उद्योगों** को मिलेगा वैश्विक बाजार से सीधा कनेक्शन
- **बड़े निवेश, रोजगार** और **मल्टी-मोडल** कनेक्टिविटी से अर्थव्यवस्था को नई रफ्तार







नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के पहले चरण का काम पूरा हो चुका है, शुक्रवार को पीएम नरेंद्र मोदी इसका उद्घाटन करेंगे। ● प्रेट्र

# नोएडा को आज मिलेगा एशिया का सबसे बड़ा हवाई अड्डा

**ऐतिहासिक**

**नोएडा, विशेष संवाददाता।** जेवर में बने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को उद्घाटन करेंगे। अधिकारियों के मुताबिक, चार चरण का काम पूरा होने के बाद नोएडा एयरपोर्ट एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बन जाएगा।

प्रधानमंत्री शुक्रवार को नोएडा एयरपोर्ट की टर्मिनल बिल्डिंग और रनवे को देखेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इस दौरान 21 विधानसभा क्षेत्रों से आए लोग मौजूद रहेंगे। इस एयरपोर्ट के उद्घाटन के बाद उत्तर प्रदेश पांच अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा। नोएडा एयरपोर्ट का भूमि पूजन भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था।

इस मौके पर प्रधानमंत्री के अलावा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू मौजूद रहेंगे।

➤ सपना पूरा P06

## अप्रैल अंत तक हवाई सेवा शुरू होने की उम्मीद

नोएडा एयरपोर्ट से उड़ानों का संचालन अप्रैल अंत तक शुरू होने की संभावना है। यहां से 65 शहरों के लिए सेवा शुरू करने का दावा है। पहले चरण में देश के 10 शहरों के लिए सेवा शुरू होगी। शुरुआत में केवल घरेलू और कार्गो उड़ानें ही संचालित की जाएंगी।

## प्रधानमंत्री ने साझा की एयरपोर्ट की फोटो

प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को नोएडा हवाई अड्डे की तस्वीरें एक्स पर साझा कीं। प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि एनसीआर की कनेक्टिविटी को बड़ा बढ़ावा, जेवर स्थित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन कल होगा।